# MP shooter wins silver at SSF World C'ship in Egypt

## Aishwary Pratap Singh Tomar clinches medal

**Our Staff Reporter**

BHOPAL



Olympian and Madhya Pradesh's star shooter Aishwary Pratap Singh Tomar won a silver medal in the men's 50m rifle three positions event at the ISSF World Championship 2025 held in Cairo, Egypt. He equaled the world record in the qualification round with an unprecedented score of 597-40X, a historic moment in the history of Indian shooting.

In the final, 24-year-old Aishwary scored 466.9 points, narrowly missing the gold medal by just 0.2 points. China's Yukun Liu won the gold medal with 467.1 points, while Romain Offrer from France secured the bronze medal with 454.8 points.

This achievement marks Aishwary's first senior World Championship silver medal, making him a strong contender for the upcoming Olympic Games.

TheHitavada BHOPAL ■ Wednesday ■ November 12 ■

# Aishwarya Pratap scripts history with SILVER at ISSF World Championship



■ Staff Reporter

OLYMPIAN and Madhya Pradesh sharpshooter Aishwarya Pratap Singh Tomar won a silver medal in the men's 50m Rifle Three Positions event at the ISSF World Championship 2025 in Cairo, Egypt. Tomar equalled the world record in the qualification round with an outstanding score of 597-40X, marking a historic moment in Indian shooting.

In the final, Tomar scored 466.9 points, narrowly missing the gold by just 0.2 points. China's Yukun Liu claimed the gold with 467.1 points, while France's Romain Offrer took bronze with 454.8 points. This silver is Tomar's first medal at a senior World Championship and positions him as a strong contender for the upcoming Olympic Games.

Fellow Indian shooter Nirej Kumar also performed admirably, qualifying with 592 points and finishing fifth in the final with 432.6 points.

The 24-year-old Tomar's achievement reflects both his personal excellence and the rising prominence of Indian shooting on the world stage. Sports Minister Vishwas Kailash Sarang congratulated Tomar and wished him success in future competitions, calling the medal a boost to India's Olympic prospects.

THE TIMES OF INDIA, BHOPAL
WEDNESDAY, NOVEMBER 12, 2025

# MP's Aishwary equals world record, wins silver in men's 50m rifle 3P

TNN & AGENCIES

Cairo: Olympian Aishwary Pratap Singh Tomar clinched the silver medal in the men's 50m rifle 3 positions after equalling the world record in the event's qualification at the ISSF World Championship here on Tuesday.

Later in the day, the Indian duo of Esha Singh and Samrat Rana ended with a silver medal in the 10m air pistol mixed team competition, losing the top prize to China's Qianxun Yao and Kai Hu 10-16.

▶ Related Report: P 19

This was after Aishwary shot 466.9 to finish second in his rifle 3P competition behind China's Yukun Liu (467.1) and ahead of France's Romain Aufrere (454.8).

The 24-year-old Aishwary equalled the world record to qualify for the final of the men's 50m rifle 3 positions event in the prestigious tournament. Aishwary shot 597-40x in qualification to match the world record mark.



Aishwary Pratap Singh Tomar

In response, MP sports minister Vishwas Kailash Sarang announced a new cabinet proposal aimed at supporting athletes. The proposal, which is will be submitted to the state cabinet, seeks to offer govt jobs to athletes who bring international acclaim to Madhya Pradesh.

## आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप

# 50 मी. राइफल थ्री पोजिशन में मप्र के ऐश्वर्य ने जीता रजत

खेल संवाददाता • भोपाल

मो.नं. 9009709528



मिश्र की राजधानी काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में मंगलवार को ओलिंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने क्वालिफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया है।

ऐश्वर्य ने 466.9 अंक हासिल किए और चीन के युकुन लियू (467.1) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का कांस्य पदक फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (454.8) ने जीता। ऐश्वर्य ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। ऐश्वर्य के अलावा हमवतन नीरज भी 592 अंकों के साथ फाइनल में पहुंच गए हैं।

...क भास्कर, भोपाल, बुधवार 12 नवंबर, 2025

## वर्ल्ड चैंपियनशिप; विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

# मप्र के ऐश्वर्य को शूटिंग में मिला सिल्वर, 0.2 अंकों से चूके गोल्ड

भोपाल| भारतीय शूटिंग ने एक बार फिर विश्व मंच पर अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। मप्र के निशानेबाज



और ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने मिस्र के काहिरा में चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। ऐश्वर्य ने क्वालिफिकेशन राउंड में 597-40X अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। फाइनल में उन्होंने 466.9 अंक हासिल किए और महज 0.2 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए।

### ओलिंपिक की उम्मीद बने

यह ऐश्वर्य के करियर का पहला सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत है, जिससे उनकी ओलिंपिक पदक संभावनाएं और मजबूत हुई हैं।

- 24 वर्षीय ऐश्वर्य मप्र राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल के प्रशिक्षु हैं।

**शूटिंग में X :** लक्ष्य के बिलकुल केंद्र पर लगी गोली। यह सर्वोच्च सटीकता का प्रतीक है। 40X का अर्थ है-शूटर के 40 शॉट ठीक निशाने के मध्य बिंदु पर लगे।

---

चीन के युकुन लियू ने 467.1 अंकों के साथ स्वर्ण जीता, जबकि फ्रांस के रोमैन् ऑफ्रिर ने 454.8 अंकों के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया।

राज एक्सप्रेस
बुधवार, 12 नवम्बर, 2025

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने रजत पदक जीतकर, देश का गौरव बढ़ाया

## तोमर ने आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में रचा इतिहास

● भोपाल / खेल संवाददाता

भारतीय शूटिंग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाते हुए ओलंपियन एवं मध्यप्रदेश के स्टार निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने काहिरा (मिस्र) में आयोजित, आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 597-40 एक्स के अभूतपूर्व स्कोर से विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की, जो भारतीय शूटिंग इतिहास का एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

फाइनल मुकाबले में ऐश्वर्या ने 466.9 अंक हासिल करते हुए केवल 0.2 अंक के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए। चीन के युकुन लियू ने 467.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जबकि फ्रांस के रोमैन् ऑफ़्रेर ने 454.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। यह उपलब्धि ऐश्वर्य के करियर का पहला सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत पदक है, जो उन्हें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए मजबूत दावेदार बनाता है। भारत के ही अन्य निशानेबाज नीरेज कुमार ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने दी शुभकामनाएं**



### ईशा और राणा की जोड़ी भी दूसरे स्थान पर रही

दिन के दूसरे फाइनल, 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में, ईशा सिंह और सम्राट राणा ने क्वालिफिकेशन में 586(दोनों ने समान 293) का संयुक्त स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी भारतीय जोड़ी सुरुचि और श्रवण कुमार 579 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रही। फाइनल में ईशा और सम्राट का मुकाबला चीन के विश्व नंबर एक काई हू और नंबर दो कियानशुन याओ से हुआ, जिन्होंने सोमवार को व्यक्तिगत स्पर्धा में क्रमशः रजत और स्वर्ण जीते थे। 16 अंकों तक पहुंचने की दौड़ 13 राउंड तक चली और नौ राउंड के बाद दोनों टीमें 9-9 से बराबरी पर थीं। इसके बाद चीनी जोड़ी ने अगले तीन राउंड जीते, और हालांकि भारत ने 13वां राउंड बराबर किया, मुकाबला वहीं खत्म हो गया। ईशा ने पिछली विश्व चैम्पियनशिप में शिवा नरवाल के साथ यह स्पर्धा जीती थी और इस बार उन्हें अपना खिताब गंवाना पड़ा।

नवदुनिया
भोपाल, बुधवार, 12 नवंबर, 2025

# वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऐश्वर्य ने जीता रजत



ऐश्वर्य प्रताप सिंह। ● सौजन्य: आयोजक

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के ओलिंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने मिस्र के काहिरा में आयोजित आइएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 597का स्कोर बनाकर विश्व रिकार्ड की बराबरी की।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने फाइनल मुकाबले में 466.9 अंक हासिल करते हुए केवल 0.2 अंक के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए। चीन के युकुन लियू ने 467.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जबकि फ्रांस के रोमैन् आफ्रेर ने 454.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। यह उपलब्धि ऐश्वर्य के करियर का पहला सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत पदक है, जो उन्हें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए मजबूत दावेदार बनाता है।

24 वर्षीय ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर का यह प्रदर्शन न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारतीय शूटिंग के उभरते वर्चस्व का भी मजबूत संकेत है। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता ने ऐश्वर्य को बधाई दी है।

मप्र राज्य अकदामी के प्रशिक्षक जयवर्धन सिंह चौहान भारतीय टीम के प्रशिक्षक बनकर गए है। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर के अलावा आशी चौकसे 50 मीटर 3 पोजीशन में और साहिल चौधरी 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में भाग लेने गए है।

स्वदेश ज्योति

# मप्र के शूटर ऐश्वर्य ने जीता रजत पदक

भारतीय शूटिंग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाते हुए ओलंपियन एवं मध्य प्रदेश के स्टार निशानेबाज़ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने काहिरा (मिस्र) में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 597-40 एक्स के अभूतपूर्व स्कोर से विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की, जो भारतीय शूटिंग इतिहास का एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। मंगलवार को हुए आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 के फ़ाइनल मुकाबले में मप्र के शूटर ऐश्वर्य ने 466.9 अंक हासिल करते हुए केवल 0.2 अंक के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीन के युकुन लियू ने 467.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि फ्रांस के रोमैन आॅफ़िर ने 454.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। यह ऐश्वर्य के करियर का पहला सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत पदक है, जो उन्हें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए मजबूत दावेदार बनाता है।

